दिन– रविवार | दिनांक– 12/10/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। | अवधि– 15 मिनट

---

01. एनडीए में सीट शेयरिंग को लेकर आज घोषणा किये जाने की संभावना। गठबंधन के वरिष्ठ नेता नई दिल्ली में बैठक के बाद कर सकते हैं ऐलान

02. विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए कल अधिसूचना जारी होगी। बीस जिलों के एक सौ बाईस विधानसभा सीटों पर नामांकन प्रक्रिया होगी शुरू।

03. प्रदेश में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर चलाया जा रहा है मतदाता जागरूकता अभियान। पटना में साइकिल रैली निकाली गयी।

04. और, भुवनेश्वर में आयोजित जूनियर नेशनल एथलेटिक्स चौंपियनशिप में समस्तीपुर के रोहित राज ने बाधा दौड़ में राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाते हुये स्वर्ण पदक जीता।

---

बिहार विधानसभा चुनाव में भाजपा और जदयू सहित एनडीए के घटक दलों के बीच सीटों के बंटवारे को लेकर बातचीत जारी है। आज कोई निर्णायक फैसला होने की संभावना जताई जा रही है। नई दिल्ली में भाजपा और जनता दल यूनाइटेड सहित एन डी ए गठबंधन के विभिन्न दल लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास, हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा और राष्ट्रीय लोक मोर्चा के वरिष्ठ नेताओं की फिर से बैठक होने वाली है। इसके बाद सीट शेयरिंग को लेकर घोषणा हो सकती है। एक रिपोर्ट–

–––बाईट–––

भाजपा के अध्यक्ष डॉक्टर दिलीप जायसवाल ने इससे पहले औपचारिक सहमति की घोषणा करते हुए शनिवार को ही सीटों के बंटवारे की बात कही थी। जीतन राम मांझी के नेतृत्व वाले हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा और पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेंद्र कुशवाहा के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय लोक मोर्चा द्वारा अधिक सीटों की मांग किए जाने के बाद औपचारिक सहमति को लेकर गतिरोध के कारण सीट शेयरिंग की घोषणा नहीं हुई थी।

गतिरोध को दूर करने के लिए कल भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने जीतन राम मांझी और उपेंद्र कुशवाहा के साथ अलग–अलग बैठकें की। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने भी सीटों के बंटवारे को लेकर पार्टी के कोर कमेटी के सदस्यों के साथ लगातार बैठक की। इधर, विपक्षी महागठबंधन में भी सीट बंटवारे को लेकर गतिरोध कायम है।

कांग्रेस पार्टी मुकेश सहनी के नेतृत्व वाली विकासशरन इंसान पार्टी को अधिक सीट दिए जाने का विरोध कर रही है। पार्टी ने वाईआईपी के उपमुख्यमंत्री के पद की दावेदारी की शर्त को लेकर भी आपत्ति जताई है। इधर, वाम दलों ने भी सीट बंटवारे को लेकर हो रही देर पर विरोध व्यक्त किया है। राष्ट्रीय जनता दल और कांग्रेस ने पार्टी की कल अलग–अलग बैठकें हुई, जिसमें प्रतिरोध दूर करने के मुद्दों पर चर्चा की गई। कांग्रेस ने सीट शेयरिंग को लेकर पर्यवेक्षकों की भी नियुक्ति की है लेकिन अभी तक मामला सुलझा नहीं पाया है। आज महागठबंधन की समन्वय समिति के अध्यक्ष और राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी प्रसाद यादव और राहुल गांधी के बीच नई दिल्ली में बातचीत होने की संभावना है। दोनों नेता सीटों के बंटवारे पर गतिरोध को दूर करने का प्रयास करेंगे।

---

भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व सांसद राम कृपाल यादव ने कहा कि एनडीए परिवार में सीट बंटवारे को लेकर कोई गतिरोध नहीं है। उन्होंने कहा कि पार्टी के वरिष्ठ नेता सभी घटक दलों की इच्छाओं का ध्यान रखते हुये एक–दो दिनों में सभी सीटों पर उम्मीदवारों के नाम भी तय कर देंगे।

———बाईट———

---

जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर ने कहा कि पूरे बिहार की जनता बदलाव चाहती है। वैशाली जिले के राघोपुर में एक जनसभा को संबोधित करते हुये श्री किशोर ने कहा कि प्रमुख दलों के नेताओं ने जाति और धर्म के नाम पर वोट तो ले लिया है, लेकिन लोगों के हालात नहीं बदले हैं।

———बाईट———

---

इधर, राष्ट्रीय जनता दल ने सीट बंटवारे में हो रही देर के बीच को लेकर प्रथम चरण के कई संभावित प्रत्याशियों को अपने क्षेत्र में प्रचार करने और नामांकन की तैयारी में लग जाने के निर्देश दिए हैं। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद ने कल इस मुद्दे को लेकर एक आपातकालीन बैठक की थी।

---

बिहार विधानसभा चुनाव के लिए असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम ने उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है। पार्टी ने सोलह जिलों की बत्तीस विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ने की घोषणा की है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अख्तरूल इमान ने किशनगंज में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि पार्टी कटिहार में पांच, दरभंगा और किशनगंज की चार–चार, पूर्णिया की तीन, अररिया, गया, पूर्वी चम्पारण जिले की दो–दो सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारेगी। इसके अलावा नवादा, जमुई, सीवान, वैशाली सहित अन्य जिलों में भी पार्टी चुनाव लड़ेगी।

---

मुंगेर जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत दक्षिणी किला गेट के पास वाहन जांच अभियान के दौरान पुलिस ने एक मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति के पास से दो लाख नब्बे हजार सात सौ रुपए नकद बरामद किया है।

---

रोहतास जिले में डेहरी के चिलबिला गांव में स्थानीय विधायक फतेह बहादुर सिंह को जनसंपर्क के दौरान ग्रामीणों के विरोध का सामना करान पड़ा। क्षेत्र में विकास कार्य नहीं होने से नाराज़ लोगों ने विधायक का घेराव किया और वापस जाओ के नारे लगाये।

---

सुपौल जिले में शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने के लिए गठित विभिन्न कोषांगों की समन्वय बैठक आयोजित की गई। जिले में ''स्वीप कार्यक्रम' के अंतर्गत व्यापक ''मतदाता जागरूकता गतिविधियों'' का आयोजन किया गया।

---

सीतामढ़ी जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलापदाधिकारी रिची पांडेय ने समाहरणालय परिसर में जिला एकल खिड़की व्यवस्था कोषांग का उद्‌घाटन किया। इसके माध्यम से उम्मीदवारों को सभा, रैली, जुलूस, लाउडस्पीकर, प्रचार वाहन और अन्य कार्यो की अनुमति के लिए आवेदन में सुविधा होगी।

---

पूर्णिया जिला में स्वीप कोषांग ने शिक्षा एवं स्वास्थ्य विभाग के समन्वय से सभी प्रखंडों में पोषण–माह अन्तर्गत कार्यक्रम के साथ–साथ स्वीप कार्यक्रम से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। मतदाता जागरूकता के लिए किशोरियों ने साइकिल रैली निकाली।

---

बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण की अधिसूचना जारी होने के बाद अब तक तीन प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। इधर, पहले चरण के तहत होने वाले विधानसभा क्षेत्रों में ईवीएम और वीवीपैट विधानसभावार आवंटित कर दिया गया है। आयोग के निर्देश पर पहले चरण के चुनाव से संबंधित जिलों में जिलानिर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी की ओर से राष्ट्रीय और राज्यस्तरीय मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में सभी विधानसभा क्षेत्रों के लिए रैंडमाइजेशन की प्रक्रिया शुरू की गयी है। वहीं, चुनाव आयोग ने विधानसभा के दूसरे चरण के तहत होने वाले एक सौ बाईस विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता सूची में नाम जोड़ने की प्रक्रिया पर अंतरिम रोक लगा दी है। आयोग ने कहा है कि अब मतदाता सूची में कोई बदलाव और संशोधन नहीं होगा। दूसरे चरण के तहत होने वाले क्षेत्रों में चुनाव परिणाम आने के बाद ही किसी के नाम जोड़े या संशोधित किये जायेंगे।

---

विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में ग्यारह नवम्बर को बीस जिलों के एक सौ बाईस विधानसभा क्षेत्रों में होने वाले चुनाव के लिए अधिसूचना कल जारी होगी। इसके साथ ही नामांकन की प्रक्रिया भी शुरू हो जायेगी। प्रत्याशी बीस अक्टूबर तक नामांकन दाखिल कर सकते हैं। इक्कीस अक्टूबर को नामांकन पत्रों की जांच होगी। वहीं, तेईस अक्टूबर तक प्रत्याशी नाम वापस ले सकते हैं। मतगणना चौदह नवंबर को होगी।

---

बिहार विधानसभा चुनाव के लिए राज्य में मतदाता जागरूकता अभियान व्यापक तौर पर चलाया जा रहा है। इसके तहत निर्वाचन विभाग और अन्य विभागों की ओर से जगह—जगह लोकतंत्र में भागीदारी को लेकर कई मैराथन दौड़ चित्रांकन रंगोली प्रतियोगिता जैसी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसके अलावा कॉलेज और अन्य शिक्षण संस्थानों में नए मतदाताओं को जागरूक करने के लिए उनसे चर्चा की जा रही है। मतदाताओं को जागरूक करने के लिए आज विशेष साईकिल रैली का आयोजन किया। यह रैली जे.पी. गंगा पथ के रोटरी गोलम्बर से शुरू होकर कृष्णा घाट पर समाप्त हुई। इसमें पटना के जिला निर्वाचन पदाधिकारी जिलाधिकारी डॉक्टर त्याग राजन, निर्वाचन विभाग के पदाधिकारी सहित कई नए मतदाताओं ने हिस्सा लिया। बिहार में विधानसभा चुनाव में पहली बार वोट डालने जा रहे हैं युवाओं ने भी लोकतंत्र के पर्व में भागीदारी का संकल्प लिया । पटना जिले में कुल चौदह विधानसभा क्षेत्र है। जिला प्रशासन में इस बार मतदान का प्रतिशत बढ़ाने और इसे

छियासठ प्रतिशत तक ले जाने का संकल्प रखा है, इसे लेकर कुम्हरार, दीघा, बांकीपुर सहित विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में सघन मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

---

विधानसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर खेल और कला जगत से जुड़ हस्तियों को स्टेट स्वीप आईकॉन बनाया है। इनमें समस्तीपुर के क्रिकेट वैभव सूर्यवंशी और वेब सीरिज पंचायत में सचिव के सहायक वैशाली के अभिनेता चंदन राय और सहरसा के अभिनेता पंकज झा को स्वीप आइकॉन बनाया है। वहीं, भोजपुर जिले की वुशू खिलाड़ी सौम्या आनंद और आयुष ठाकुर के साथ रोहतास के हॉकी खिलाड़ी ज्योति कुमारी को भी शामिल किया गया है।

---

प्रख्यात समाजवादी चिंतक डॉक्टर राम मनोहर लोहिया की पुण्यतिथि पर आज उन्हें श्रद्धापूर्वक याद किया जा रहा है। इस अवसर पर पटना के लोहिया पार्क में राजकीय समारोह आयोजित किया जा रहा है। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां समेत कई गणमान्य लोग डॉक्टर लोहिया की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि देंगे।

---

भुवनेश्वर में आयोजित चालीसवीं जूनियर नेशलन एथलेटिक्स चैंपियनशिप में समस्तीपुर के रोहित राज ने अस्सी मीटर बाधा दौड़ में राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाते हुये स्वर्ण पदक जीता है। वहीं, बालक अंडर सिक्सटीन वर्ग के जेवलिन थ्रो स्पर्धा में जमुई के कीशू सिंह ने स्वर्ण पदक जीता है। इसी स्पर्धा में सासाराम के आयुष कुमार ने कांस्य पदक जीता है जबकि गोपालगंज के कौशल ने शॉटपूट में कांस्य पदक प्राप्त किया।

---

अखबारों की सुर्खियां...

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने बिहार विधानसभा चुनाव में सीट बंटवारे से जुड़ी खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** की सुर्खी है– इंडिया में खींचतान जारी, एनडीए में मान–मनौव्वल। दोनों प्रमुख गठबंधनों में शनिवार को नहीं खुली सीट बंटवारे की गांठ।

**दैनिक जागरण** का शीर्षक है– अब दिल्ली में सुलझेगी सीटों की गुत्थी। राजद के पचास से अधिक उम्मीदवारों को हरी झंडी, आज राहुल से मिलेंगे तेजस्वी। अखबार लिखता है– अंतिम सहमति बनाने के लिए राजग के सभी घटक दलों के नेता दिल्ली में जुटे।

**दैनिक भास्कर** ने जहरीले कोल्ड्रिफ सिरप से जुड़ी खबर को प्रमुखता से प्रकाशित करते हुये लिखा है– केन्द्र ने दवा नीति बदली... अब हर कफ सिरप में डीईजी की जांच अनिवार्य होगी।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. एनडीए में सीट शेयरिंग को लेकर आज घोषणा किये जाने की संभावना। गठबंधन के वरिष्ठ नेता नई दिल्ली में बैठक के बाद कर सकते हैं ऐलान

02. विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए कल अधिसूचना जारी होगी। बीस जिलों के एक सौ बाईस विधानसभा सीटों पर नामांकन प्रक्रिया होगी शुरू।

03. प्रदेश में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर चलाया जा रहा है मतदाता जागरूकता अभियान। पटना में साइकिल रैली निकाली गयी।

04. और, भुवनेश्वर में आयोजित जूनियर नेशनल एथलेटिक्स चौंपियनशिप में समस्तीपुर के रोहित राज ने बाधा दौड़ में राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाते हुये स्वर्ण पदक जीता।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।